Rediffusion/Edelman

Publication: Aaj Samaj
Date: 19/11/13
Edition: New Delhi
Page No: 5
Headline: Apratim Chander Singh & Naman Dhanuka becomes 'Smart Tech Wizards' winner

अप्रतिम चंद्र सिंह और नमन धानुका बने 'स्मार्ट टेक विजाड्‌र्स' के विजेता

▶ विजेता जोड़ी मेगा फाइनल्स में नई दिल्ली का प्रतिनिधित्व करेगी

आज समाज नेटवर्क

नई दिल्ली। राजधानी के विभिन्न स्कूलों के 1200 से अधिक छात्रों ने इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के डोगरा हॉल में आयोजित टीसीएस आइटी विज में हिस्सा लिया। टीसीएस आइटी विज-देश के सबसे बड़े अंतर विद्यालय आइटी क्विज का आयोजन आइटी सर्विसेज, कंसल्टिंग और बिजनेस सॉल्यूशन्स फर्म टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज द्वारा किया गया था। दिल्ली संस्करण के रीजनल फाइनल्स में काफी कड़ा और दिलचस्प मुकाबला देखा गया। इसमें बाराखंबा रोड स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल के अप्रतिम चंद्र सिंह और नमन धानुका ने अपने करीबी प्रतिद्वंदी दिल्ली पब्लिक स्कूल, नोएडा के अभिजय गुप्ता और समर्थ वहल को हराया। विजेताओं को आइपैड प्रदान किया गया। उपविजेताओं को ग्लेक्सी टैबलेट दिया गया। विजेता जोड़ी ''स्मार्ट टेक विजार्ड्स 2013'' का खिताब जीतने के लिए मेगा फाइनल्स में नई दिल्ली का प्रतिनिधित्व करेगी। पुरस्कारों का वितरण मेन्युफैक्चरिंग, लाइफसाइंसेज एंड एनर्जी एवं टीसीएस उत्तर भारत के प्रमुख देबाशीष घोष ने किया। टीसीएस आइटी विज का प्रारूप लिखित परीक्षा में आयोजन स्थल पर मौजूद सभी टीमों के लिये 20 प्रश्न थे। ये सवाल मौखिक, दृश्य और दृश्य श्रव्य रूप में थे।

लिखित परीक्षा में चुनी गयी सर्वश्रेष्ठ 6 टीम रीजनल फाइनल परीक्षा में शामिल हुई। मंच पर उपस्थित होने वाले 6 फाइनलिस्ट्स (टीमों) को भी टीसीएस की ओर से डबल डफल जिम बैग, हेडफोन्स, यूएसबी पेन ड्राइव, नोटबुक स्पीकर्स और टी-शर्ट्स प्रदान किए गए। टीसीएस आइटी विज में 8वीं से 12वीं तक के स्कूली छात्रों ने हिस्सा लिया।